महत्वपूर्ण एवं खास

नाबालिग को घुमाने के बहाने होटल में लाकर किया अनचार का प्रयास

रायपुर (आरएनएस)। परिचित ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर होटल में ले जाकर किया अनाचार का प्रयास व इंस्ट्राग्राम ग्राम से फोटों निकालकर वायरल करने की धमकी दिया। घटना की शिकायत नेवरा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्रनगर निवासी पीड़िता 17 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि पूर्व में तिल्दा में रहती थी इसी दौरान परिचित विजय सुखवानी ने रायपुर घुमाने के बहाने एक होटल में लेकर आया व कमरे में दरवाजा बंदकर बेईज्जत करने का प्रयास किया तथा इंस्ट्राग्राम से उसका फोटों निकालकर वायरल करने का धमकी दिया। घटना की शिकायत 01 मई को दर्ज करायी गई है जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 7,8पास्को एक्ट 363,342,354 क,509 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

प्रदेश में कोरोना टीका लगाने वाले 18+ का कोविन पोर्टल में नहीं होगी एंट्री, संशोधित आदेश जारी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में 1 मई से 18 से 45 वर्ष के लोगों को कोरोना टीका लगाने का महाअभियान शुरू हो गया है। इस टीकाकरण को लेकर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला ने एक संशोधित आदेश जारी किया है। जिसमें कोरोना वैक्सीन लगाने वाले 18 प्लस का एंट्री कोविन पोर्टल में नहीं होगी। अपने आदेश में आलोक शुक्ला ने कहा कि 18-44 वर्ष के व्यक्तियों के कोविड-19 टीकाकरण किये जाने के लिए पूर्व में प्रेषित दिशा-निर्देश में निम्नानुसार संशोधनों का पालन किया जाना तत्काल सुनिश्चित करें। वर्तमान में पोर्टल में 18-44 वर्ष के आयुवर्ग के लोगों के लिए सेशन नहीं खोला जाए। 18-44 वर्ष के हितग्राहियों की डाटा एंट्री अभी ष्टश्वह्लढ्ढह पोर्टल पर नहीं की जाए। यह जानकारी पूर्व में प्रेषित प्रपत्र अनुसार रजिस्टर में एकत्र की जाए और बाद में इस डाटा को इलेक्ट्रॉनिक रूप में डाटा एंट्री कर सुरक्षित कर लिया जाए, ताकि केंद्र/राज्य सरकार द्वारा मांगे जाने पर उन्हें डाटा उपलब्ध कराया जा सके।

नक्सली मुठभेड़ की होगी दण्डाधिकारी जांच साक्ष्य आमंत्रित

बीजापुर (आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रितेश कुमार अग्रवाल द्वारा जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र के अंतर्गत पेद्दागेलूर एवं टेकलगुड़ियम के मध्य जंगल में 03 अप्रैल 2021 को हुई सयुंक्त पुलिस बल और नक्सली मुठभेड़ घटना की दण्डाधिकारी जांच के आदेश दिये गए हैं। इस घटना के जांच अधिकारी एसडीएम भोपालपटनम द्वारा उक्त घटना के बारे में जानकारी रखने वाले जनसाधारण से आगामी 17 मई तक न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी भोपालपटनम मुख्यालय कलेक्टोरेट बीजापुर में उपस्थित होकर साक्ष्य या जानकारी प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया है।

सड़क हादसे में बाईक सवार की अस्पताल में मौत, अपराध दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

रायपुर (आरएनएस)। दो मोटसाइकिल की भिडंत में एक बाईक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट विधानसभा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार हनुमान मंदिर ग्राम बिरौदा के पास 22 अप्रैल को दोपहर 2.40 बजे तेज रफ्तार बाईक क्रमांक सीजी 04 एलएल 9858 के चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुये सामने से आ रही बाईक को टक्कर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। जिसके चलते किशन साहू 28 वर्ष पिता राम प्रसाद साहू निवासी निवासी शिव मंदिर के पास ग्राम आमासिवनी को गंभीर चोट लगने पर उसे इलाज के लिये डीकेएस अस्पताल में भर्ती किया गया था। जिसके चलते उसकी मौत हो गई। घटना की शिकायत पर पुलिस ने बाईक चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य में तीसरे चरण का टीकाकरण का हुआ शुभारंभ, अंत्योदय राशनकार्डधारियों का प्राथमिकता से लग रहा टीका

» मंत्रियों ने प्रभार वाले जिले में टीका लगाने वालों से रूबरू होकर अन्य लोगों को भी प्रोत्साहित करने अपील की

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार आज से 18 वर्ष से 44 वर्ष के लोगों का टीकाकरण प्रारम्भ हो गया है। प्राथमिकता क्रम में गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले एवं अंत्योदय व प्राथमिकता राशनकार्डधारियों का वैक्सिनेशन किया जा रहा है। तृतीय चरण के इस टीकाकरण अभियान में प्रदेश के मंत्रियों ने अपने प्रभार वाले जिलों में पहला टीका लगवाने वाले ग्रामीणों से वर्चुअल चर्चा कर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनका हौसला बढ़ाया। इस कड़ी में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा जांजगीर-चांपा जिले के प्रभारी मंत्री टी.एस. सिंहदेव, गृह मंत्री तथा गरियाबंद जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू, वन मंत्री तथा राजनांदगांव जिले के प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर, आबकारी एवं उद्योग मंत्री तथा धमतरी और महासमुंद जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री तथा बालोद जिले के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत, महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा बेमेतरा जिले की प्रभारी मंत्री अनिला भेंड़िया, स्कूल शिक्षा मंत्री और कोरबा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम तथा राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से टीका लगवाने वाले ग्रामीणों से रू-ब-रू हुए। इस अवसर पर सभी प्रभारी मंत्रियों ने अपने-अपने जिले के अधिकारियों को बधाई देकर शत-प्रतिशत वैक्सिनेशन कराने व अपने परिवारजनों सहित समाज, गांव, प्रदेश और देश को सुरक्षित करने की अपील की।

सिंहदेव ने संक्षिप्त चर्चा में धुरकोट के 22 वर्षीय आर्यन से कहा कि कोविड टीका सुरक्षित है, चिंता या घबराहट की कोई बात नहीं है। सरकार द्वारा अंत्योदय परिवारों के 18 से 44 वर्ष के सदस्यों का टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अन्य पात्र लोगों को भी टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। इस इस अवसर पर आज पहले दिन ग्राम आमदी के टिकेश्वरी, तुकेश, नरेंद्र ओम प्रकाश सेन और ग्राम बकली के तामेश्वर साहू ने टीका लगवाया। हितग्राहियों ने टीकाकरण को उपयोगी बताते हुए कहा कि हम उत्साहित हैं और टीकाकरण के लिए पूरी तरह तैयार हैं। टिकेश्वरी ने बताया कि वह पहले से मानसिक तौर पर तैयार थी और सरकार की घोषणा के पश्चात आज टीका लगवाने आई है ।

गृह मंत्री साहू के मार्गदर्शन में गरियाबंद जिले के 5 विकासखण्ड फिंगेश्वर, छुरा, गरियाबंद, देवभोग, मैनपुर में भी टीकाकरण लगाया गया। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू ने हितग्राहियों से फोन में बात कर उन्हें टीकाकरण के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा कि राज्य सरकार गरीबों को प्राथमिकता में रखते हुए टीकाकरण कार्य जारी रखा है। आज प्रदेश में अत्यंत गरीब वर्ग के लोगों को टीकाकरण सुनिश्चित कराने के लिए तीसरा चरण प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि टीका अवश्य लगाएं और टीका लगाने के पश्चात आधा घंटा तक वही कक्ष में आराम करें। प्रभारी मंत्री साहू ने स्वास्थ्य विभाग से भी टीकाकरण के संबंध में जानकारी ली।

प्रभारी मंत्री लखमा ने कोरोनारोधी टीका का पहला डोज लगवाकर आए ग्राम परसतराई प्रताप मरकाम के साथ बिहान कार्यक्रम के तहत गठित नवज्योति महिला समूह की श्रीमती मीना साहू, सरिता साहू, मीनाक्षी साहू और सरिता उइके से प्रतिक्रिया ली।

स्वयं को लैब टेक्नीशियन बताकर कर रहा था कोरोना मरीजों की जांच, पुलिस ने किया गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर पुलिस ने फर्जी कोरोना रिपोर्ट देने वाले एक आरोपी को दबोचा है। बताया जा रहा है कि फर्जी लैब टेक्नीशियन घरों में जाकर कोरोना टेस्ट करता था और फर्जी रिपोर्ट देता है। इस तरह कई लोगों को चूना लगाया है। फर्जी लैब टेक्नीशियन के इस काले कारनामे के चलते कई लोगों की जान भी चली गई। वहीं इस मामले के खुलासे से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।

मंदिर हसौद थाना पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित रेशम मगलेशकर उर्फ विजय को हिरासत में लेकर पुलिस पुछताछ कर रही है। आरोपित अपने आप को लैब टेक्निशियन बताकर घरों में जाकर कोरोना टेस्ट करता था। यही नहीं आरोपित अब तक करीब पांच हजार से ज्यादा लोगो को फर्जी रिपोर्ट दे चुका है। आरोपी के रिपोर्ट के आधार पर गलत इलाज होने से कई लोगो की जान भी जा चुकी है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी घरों में जाकर लोगों का कोरोना टेस्ट करने के बाद निजी मेडिकल कॉलेज की फर्जी रिपोर्ट देता था। इस तरह आरोपी ने शहर के तेलीबांधा समेत कई इलाकों में जाकर कोरोना का टेस्ट किया है। वहीं इस मामले का खुलासा तब हुआ जब एक पीड़ित ने दूसरे जगह जांच कराई। पुलिस अभी आरोपित से पूछताछ कर रही है।

पुलिस के मुताबिक आरोपित टेक्निशियन दो हजार से, ढाई हजार रुपए तक पैसे लेकर लोगों को फर्जी रिपोर्ट देता था।

स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के टीकाकरण के मामले में छत्तीसगढ़ देश में दूसरे स्थान पर

» 45 साल से अधिक आयु के लोगों को कोविड-19 वैक्सीन के प्रथम डोज देने में छत्तीसगढ़ पूरे देश में चौथा

रायपुर (आरएनएस)। कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, अग्रिम पंक्ति कार्यकर्ताओं और 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का टीकाकरण किया जा रहा हैं वहीं एक मई से 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम चरण में अंत्योदय परिवार के लोगों का टीकाकरण प्रारंभ हो गया है।

भारत सरकार के अधिकारियों द्वारा दिए गए प्रजेन्टेशन और मीडिया ब्रीफिंग के अनुसार स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के टीकाकरण के मामले में छत्तीसगढ़ राज्य पूरे देश में दूसरे स्थान पर है वहीं 45 साल से अधिक आयु के लोगों को कोविड-19 वैक्सीन के प्रथम डोज देने में छत्तीसगढ़ पूरे देश में चौथे नंबर पर है। इसी तरह अग्रिम पंक्ति कार्यकर्ताओं के टीकाकरण के मामले में छत्तीसगढ़ देश में छठवें नंबर पर है।

स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 अप्रैल 2021 तक - छत्तीसगढ़ में 3 लाख (88 प्रतिशत) स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रथम डोज तथा 2.09 लाख (62 प्रतिशत) स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को द्वितीय डोज दी गई। इसी तरह 2.76 लाख (94 प्रतिशत) अग्रिम पंक्ति कार्यकर्ता को प्रथम डोज तथा 1.65 लाख (56 प्रतिशत) अग्रिम पंक्ति कार्यकर्ता को द्वितीय डोज दी गई। कोविड टीकाकरण के तहत 45 वर्ष से अधिक 42.76 लाख (73 प्रतिशत) नागरिकों को प्रथम डोज एवं 3.43 लाख (6 प्रतिशत) नागरिकों को द्वितीय डोज दी गई।

स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के टीकाकरण के मामले में पूरे देश में दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 97.73 प्रतिशत के साथ छत्तीसगढ़ राज्य का है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य में पंजीकृत कुल 4894 सेशन साईट में टीकाकरण किया जा रहा है एवं राज्य में 6823 प्रशिक्षित वैक्सीनेटर उपलब्ध हैं। 2 अप्रैल 2021 को सर्वाधिक 3.26 लाख व्यक्तियों का तथा 3 अप्रैल 2021 को 2.92 लाख व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया।

आकाशीय बिजली गिरने से दो ग्रामीणों के मौके पर मौत

कोरबा (आरएनएस)। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में हुए बदलाव के कारण यहां भी मौसम खुशगवार हो गया है। मौसम विभाग ने तीन दिन तक अच्छी तस्वीर बने होने के संकेत दिए हैं। कोरबा जिले में इसका असर दिख रहा है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र में सुबह हुई बारिश के साथ आकाशीय बिजली की घटना में दो लोग मौत के मुंह में समा गए। मृतक चिर्रा गांव के रहने वाले थे। श्यांग पुलिस ने मर्ग कायम किया है। आगे की कार्यवाही की जा रही है।

जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर आदिवासी बाहुल्य ग्राम चिर्रा में आज सुबह 8.30 बजे के आसपास यह घटना हुई। सूत्रों के अनुसार यहां के कई लोगों ने नाला के किनारे और अपने खेतों में

ग्रीष्मकालीन धान की फसल लगाई थी जो कटाई के लायक हो गई है। इससे पहले कि अनाज खराब हो, किसानों के द्वारा धान की कटाई प्रारंभ करा दी गई। इसी काम में गांव के कृषक कन्हैया राठिया 30 वर्ष और टीकाराम अघरिया 21 वर्ष अपने खेत में पहुंचे हुए थे और धान की कटाई में लगे थे। मौसम सुबह से ही खराब था। कुछ देर के बाद यहां बारिश प्रारंभ हो गई। इससे बचने के लिए कृषकों ने कामधाम छोड़ा और नजदीक में बड़े पेड़ का सहारा ले लिया। ग्रामीणों उम्मीद थी कि जल्द ही सबकुछ सामान्य हो जाएगा। इसी दौरान बादलों का गरजना शुरू हो गया। कुछ ही देर में आकाशीय बिजली इसी पेड़ पर आ गिरी। इसके असर से नीचे मौजूद कन्हैया और टीकाराम का करूणांत हो गया। घटनाक्रम की आवाज चिर्रा और आसपास तक सुनाई दी। इससे सबसे ज्यादा चिंतित दोनों किसानों के परिजन हुए। कुछ देर के बाद उन्होंन मौके की तरफ रूख किया, जहां पेड़ के नीचे उनके परिवार के सदस्य मृत पाए गए। इससे गांव में शोक की लहर फैल गई। आनन-फानन में सरपंच और अन्य लोगों को मामले से अवगत कराया गया। इसी के साथ श्यांग पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस की टीम ने यहां पहुंचकर पंचनामा किया। मामले में 174 सीआरपीसी के अंतर्गत प्रकरण कायम किया गया है। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे जा रहे हैं।

इस घटना में मृत कृषक कन्हैया और टीकाराम मूल रूप से कृषि से जुड़े हुए थे। वर्ष में दो बार धान की फसल लेने के साथ वे अपने परिवार की जीविका सुनिश्चित करते थे। इस काम में दूसरे सदस्य अपनी आंशिक भूमिका निभाते थे लेकिन पूरा दारोमदार इन्हीं दोनों पर था। इस घटना में दोनों की मौत से उनके परिजन सख्ते में है। प्राकृतिक आपदा में होने वाली मौत के मामले में प्रशासन के द्वारा राजस्व प्रावधानों के अंतर्गत मृतकों के परिवार को क्षतिपूर्ति राशि प्रदाय की जाती है। प्रत्येक प्रकरण में 4 लाख रुपए देने का नियम है।

कोरोनाकाल में भी प्रताड़ित कर रही बीमा कम्पनी

» पिता के निधन के बाद पुत्री से वसूली के लिए बनाया दबाव

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर में पिता के निधन के बाद किसी तरह जीवन यापन कर अकेली रह रहीं दो बहनों को बीमा कंपनी वसूली के लिए लगातार प्रताड़ित कर रही हैं।

राजधानी रायपुर की वरिष्ठ महिला अधिवक्ता श्रीमती सुचित्रा विवेक बर्धन ने बताया कि पंचशील नगर, कटोरातालब निवासी स्वर्गीय बसन्त कुमार साहू ने वर्ष 2017 में भाटागांव, रावतपुरा कालोनी में मकान क्रय किया था।इसके लिए केनरा बैंक की इंश्योरेंस कंपनी केनरा एचएसबीसी ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स लाइफ इंश्योरेंस रायपुर के माध्यम से होम लोन इंश्योरेंस कराया था। इस बीच सारी शर्तें समय पर पूर्ण की जाती रही। वर्ष 2018 में बसन्त कुमार साहू की आकस्मिक मृत्यु हो गई और पूरा परिवार घोर आर्थिक समस्या से घिर गया। परिवार में उनकी पुत्री केसर साहू और उसकी छोटी बहन रह गई हैं। पिता के निधन के पश्चात केसर साहू को इंश्योरेंस कम्पनी केनरा एचएसबीसी ओरिएंटल बैंक ऑफकॉमर्स लाइफ इंश्योरेंस के अधिकारियों द्वारा लगातार मकान के लोन की राशि के लिए मानसिक रूप जे प्रताड़ित किया जा रहा है।

रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी करते दुर्ग के दो युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी करते दुर्ग के दो युवकों को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित सेक्टर.9 अस्पताल के एक नर्सिंग स्टाफ से खरीदकर बेच रहे थे। अब तक आरोपितों ने करीब आठ इंजेक्शन 17-17 हजार रुपए में बेचने की बात कबूल की है। जानकारी के अनुसार, साइबर सेल को एक महिला ने जानकारी दी थी कि दुर्ग के दो युवक रेमडेसीविर इंजेक्शन बेचने के लिए उससे संपर्क किया था। इसके आधार पर साइबर सेल की टीम ने युवकों रंगे हाथ दबोचने की योजना बनाई। ग्राहक बनकर पुलिस जवान ने उनसे इंजेक्शन का सौदा 17 हजार रुपए में तय किया फिर एम्स के पास डिलेवरी देने के लिए बुलाया। दोनों युवक जैसे ही वहां पहुंचे उन्हें दबोच लिया गया। आरोपियों के कब्जे से दो रेमडेसीविर इंजेक्शन, मोबाइल आदि जब्त किया गया। साइबर सेल प्रभारी आरके साहू ने बताया कि रायपुर में लगातार रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी को ध्यान में रखकर एसएसपी अजय यादव ने कालाबाजारियों की धरपकड़ करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में शनिवार को दुर्ग जिले के मुस्लिम सराय केलाबाड़ी थाना पदमनाभपुर निवासी शाहरूख कुरैशी (28) द्वारा रेमडेसिविर इंजेक्शन बेचने की सूचना मिलने पर उससे 17 हजार रुपए में सौदेबाजी की गई। जिसके बाद आमानाका क्षेत्र में इंजेक्शन देने के लिए बुलाया गया। शाहरूख कुरैशी अपने साथी मोहसिन खान (28) के साथ इंजेक्शन की डिलेवरी देने जैसे ही पहुंचा दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर दोंनों ने मिलकर रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी करने की बात स्वीकार की।

पिछले एक हफ्ते में कोरोना से स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या संक्रमितों की संख्या से अधिक

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में पिछले एक सप्ताह (25 अप्रैल से 1 मई) में कोरोना से स्वस्थ हुए मरीजों की संख्या इस दौरान मिले पॉजिटिव मरीजों की संख्या से अधिक है। पिछले सात दिनों में प्रदेश भर में 93 हजार 476 लोगों ने कोविड-19 को मात दी है। वहीं इस दौरान संक्रमित पाए गए मरीजों की कुल संख्या 92 हजार 240 है। इनमें से 6721 मरीज कोविड अस्पतालों व कोविड केयर सेंटर्स में और 86 हजार 755 होम आइसोलेशन में स्वस्थ हुए हैं। इस दौरान कोरोनामुक्त हुए मरीजों में से 93 प्रतिशत ने होम आइसोलेशन में उपचार लेकर इसे मात दी है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती रेवती श्रीवास्तव, श्रीमती रश्मी साकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अत्याचार मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं व्यवसायिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

कोरोना से बचाव के लिए नियमों का कड़ाई से पालन हो - मुख्यमंत्री बघेल

» छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण से बचाव और रोकथाम के लिए किए जा रहे सभी आवश्यक प्रबंध

» राज्य में कोरोना टीकाकरण ले रहा जन आंदोलन का रूप

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राज्य में कोरोना संक्रमण की स्थिति की लगातार निगरानी कर प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। राज्य में कोरोना संक्रमण से बचाव और रोकथाम सहित इलाज के लिए शासन-प्रशासन के समन्वित प्रयास से हर आवश्यक उपाय तथा प्रबंध किए जा रहे हैं।

राज्य में एक मई की स्थिति में कुल 72 लाख 6 हजार 500 टेस्ट किये गए हैं। इनमें कुल 7 लाख 28 हजार 700 कोविड प्रकरण पाए गए, जिसमें से वर्तमान में 6 लाख 1 हजार 161 स्वस्थ हो चुके हैं और एक लाख 18 हजार 958 प्रकरण सक्रिय हैं। छत्तीसगढ़ में कोरोना जांच, इलाज तथा कोरोना टीकाकरण की सुविधा बढ़ाने आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा है कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम एवं मरीजों के इलाज के लिए फंड की कोई कमी नहीं होगी। कोविड संक्रमण पर नियंत्रण एवं संक्रमितों की पहचान के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में सेम्पलों की जांच की जा रही है। प्रदेश में प्रति 10 लाख की आबादी पर अब तक 2 लाख 50 हजार 888 सेम्पलों की जांच की गई है।

छत्तीसगढ़ राज्य देश में कुछ गिने-चुने राज्यों में से है, जहां प्रति 10 लाख में सबसे ज्यादा लोगों की टेस्टिंग हो रही है। राज्य में टेस्टिंग क्षमता विशेषकर आरटीपीसीआर एवं ट्रू-नॉट टेस्टिंग क्षमता बढ़ाने का प्रयास सतत रूप से किया जा रहा है। दैनिक औसत टेस्टिंग माह अप्रैल में बढ़कर 49 हजार 249 हो गई है। छत्तीसगढ़ में प्रति 10 लाख पर 2 लाख 50 हजार 888 टेस्ट किए जा रहे हैं, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रति 10 लाख पर 2 लाख 12 हजार 13 टेस्ट किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में प्रतिदिन 10 लाख आबादी पर 2069 टेस्ट किए जा रहे हैं, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिदिन 10 लाख आबादी पर 1430 है। राज्य में हो रही कुल कोविड जांच में अक्टूबर 2020 में आरटीपीसीआर जांच का प्रतिशत 26 प्रतिशत था, जो अप्रैल 2021 में बढ़कर 40 प्रतिशत हो गया है।

राज्य में वर्तमान में 31 शासकीय लैब तथा 5 निजी लैब में ट्रू-नॉट जांच की सुविधा उपलब्ध हैं। 7 शासकीय लैब एवं 5 प्रायवेट लैब में आरटीपीसीआर की जांच सुविधा उपलब्ध है। रैपिड एंटीजन टेस्ट की सुविधा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर तक उपलब्ध है।